(घ) आकाशवाणी के इन्दौर केन्द्र की प्रेषण शक्ति बढ़ाने का इस समय कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, भोपाल के ट्रांसमीटर की शक्ति बढ़ाने के, लिए एक अधिशेष ट्रांसमीटर का पुनः उपयोग करने की 1980–85 की "योजना" में एक स्कीम शामिल की गई है।

अखबारी कागज की कमी

512. श्रीमती कृष्णा साही : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में अखबारी कागज की कमी है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह कमी पूरी करने के लिए अखबारी कागज की राशनिंग पद्धति लागू करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) देश में अखबारी कागज के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री वसन्त साठे) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जबकि नेपा मिल्ज की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, केरल अखबारी कागज परियोजना और मैसूर पेपर मिल्स द्वारा क्रमशः 1981-82 और 1982-83 में वाणिज्यिक निर्माण शुरू किए जाने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश और तमिल नाडु में अखबारी कागज परियोजनाओं की स्थापना के लिए आशय पत्र भी जारी किए जा चुके हैं।

Chairman-cum-Managing Director of National Hydro-Electric Power Corporation

*513. SHRI MANORANJAN BHAKTA : Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in view of the world energy shortage, Government are giving very high priority to hydro-electric power generation in this country ;

(b) whether it is also a fact that the Chairman-cum-Managing Direetor of the National Hydro-electric Power Corporation Limited, which is the main agency to develop hydro-electric power, retired in June last year and the interviews for appointing his successor have already been held by the Public Enterprises Selection Board some time in October last year; and

(c) if the answer to (b) is in the affirmative, the reasons why an acting Chairman-cum-Managing Director is holding charge of this Corporation and when Government propose to appoint a permanent Chairman-cum-Managing Director

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURY) : (a) : Yes, Sir.

(b) and (c) The question of selecting a suitable fulltime Chairman is under active consideration to enable an early decision to be taken.

चुनावों पर काले धन के इस्तेमाल को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग के सुझाव

*514. श्री नरसिंह मकवाना : क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चुनावों में "काले धन" के इस्तेमाल को रोकने के लिए निर्वाचन